(1) सरिस्का टाइगर रिजर्व
(2) रणथम्भौर टाइगर रिजर्व
(3) मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व
(4) रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व (नवीनतम्)

92. निम्नलिखित में से राजस्थान के किन जिलों की सीमा रेखा गुजरात से मिलती है?
1. सिरोही 2. डूंगरपुर
3. प्रतापगढ़ 4. बांसवाड़ा
नीचे दिए हुए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए–
(a) 1, 2, 3 तथा 4 (b) 1, 2 तथा 3
(c) 1, 2 तथा 4 (d) 1 तथा 4
RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (c) : राजस्थान के 6 जिलों की सीमा गुजरात से लगती है। ये 6 जिले बांसवाड़, सिरोही, डूंगरपुर, उदयपुर, जालौर और बाड़मेर है। गुजरात के साथ राजस्थान के उदयपुर जिले की सर्वाधिक सीमा और बाड़मेर जिले की न्यूनतम सीमा लगती है।

93. राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का लगभग कितना भाग थार मरुस्थल के अन्तर्गत आता है?
(a) 40 प्रतिशत (b) 61 प्रतिशत
(c) 67 प्रतिशत (d) 56 प्रतिशत
RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (b) : थार मरुस्थल राजस्थान में स्थित है। थार मरुस्थल राजस्थान के कुल क्षेत्रफल के लगभग 61.11% भाग पर स्थित है। थार मरुस्थल को महान भारतीय मरुस्थल के नाम से जाना जाता है। थार मरुस्थल पाकिस्तान तक फैला है।

94. मुकन्दवारा पहाड़ियाँ मुख्यतः किस जिले में फैली हैं?
(a) जयपुर जिला (b) बॉसवाड़ा जिला
(c) कोटा जिला (d) अलवर जिला
JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016
RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (c) : मुकन्दवारा पहाड़ियाँ मुख्यतः राजस्थान के कोटा जिले में स्थित है। यह हडौती पठार में स्थित, विंध्यन पहाड़ियों का भाग है। मुकुंदरा पहाड़ी राष्ट्रीय उद्यान और दर्रा वन्यजीव अभयारण्य इसी क्षेत्र में स्थित है।

95. राजस्थान की मुकुन्दरा पहाड़ियाँ हिस्सा है-
(a) अरावली की पहाड़ियों का
(b) विन्ध्यन की पहाड़ियों का
(c) सतपुड़ा की पहाड़ियों का
(d) मैदानों का
संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)
RPSC RAS/RTS 2018

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

96. मुकन्दरा पहाड़ियाँ स्थित हैं
(a) हाड़ौती पठार में (b) भोराट पठार में
(c) अरावली पहाड़ियों में (d) छप्पन के मैदानों में
JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016
RPSC SI 14-09-2021

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

97. निम्नलिखित में से कौन सी स्थलाकृति अरावली शृंखला में अवस्थित नहीं है?
(a) भोराट पठार (b) मुकुन्दरा पहाड़ियाँ
(c) लसाड़िया पठार (d) गिरवा पहाड़ियाँ
कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

98. 'डांगलैंड' किसका भाग है?
(a) भोरात पठार (b) आबू पर्वत
(c) करौली पठार (d) चित्तौड़गढ़
RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (c) : डांगलैंड, करौली पठार का भाग है। इस क्षेत्र के अन्तर्गत राज्य के करौली, धौलपुर तथा सवाई माधोपुर के क्षेत्र आते हैं। इस क्षेत्र में विन्ध्यन कगार भूमि की चट्टानें पाई जाती हैं। यह क्षेत्र हड़ौती पठार के अन्तर्गत आता है।

99. सारणी I एवं सारणी II में दिए गए भौतिक विभाग एवं संबंधित जिले का सही मिलान है

सारणी-I (भौतिक विभाग)	सारणी-II (जिला)
A. भाकर	i बाँसबाड़ा
B. गिरवा	ii नागौर
C. वागड़	iii सिरोही
D. बांगर	iv उदयपुर

कूटः

	A	B	C	D
(a)	i	iii	iv	ii
(b)	iv	iii	ii	i
(c)	iii	iv	ii	i
(d)	iii	iv	i	ii

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (d) : सही सुमेलित है।
(1) भाकर – सिरोही
(2) गिरवा – उदयपुर
(3) वागड़ – नागौर के पूर्व, चीरू, सीकर, झुझुंनु (शेखावती क्षेत्र)
(4) बागर – बांसवाड़ा, डूंगरपुर

100. राजस्थान का उत्तर-दक्षिण विस्तार है–
(a) 826 किमी (b) 869 किमी
(c) 970 किमी (d) 1070 किमी
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (a) : राजस्थान का उत्तर से दक्षिण का विस्तार उत्तर में कोणा गांव (गंगानगर) से दक्षिण में बोरकुंड गांव (कुशलगढ़, बांसवाड़ा) तक 826 किमी. है। पूर्व से पश्चिम तक राज्य की चौड़ाई 869 किमी. तथा विस्तार पश्चिम में कटरा गाँव (जैसलमेर) से पूर्व में सिलान गाँव (राजाखेड़ा, धौलपुर) तक है।

101. जाखम सिंचाई परियोजना राजस्थान के किन जिलों को सिंचाई सुविधा प्रदान करती है?
(a) अजमेर, ब्यावर, किशनगढ़
(b) डूंगरपुर, उदयपुर, सिरोही
(c) उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़
(d) भीलवाड़ा, बाँसवाड़ा, बून्दी
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I